>

Title : Need to provide protection to "Neelgai" and deers by way of putting fencing or boundary wall around their clusters in Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): महोदया, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण और गंभीर विषय की ओर भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मैं बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूं उसके आसपास करीब 11 मरूस्थलीय जिले हैं और वहां पर नील गाय और हिरण हैं। हालांकि हम उनकी रक्षा करते हैं, लेकिन किसान यह सोचने लग गये हैं कि हम बच्चों को पालें या इन्हें पालें। मैं कहना चाहता हूं कि बहुत मुश्किल से फसल होती है और कभी उसे हिरण खा जाते हैं, कभी नील गाय खा जाती हैं। मैं भारत सरकार के वन और पर्यावरण मंत्रालय से अर्ज करना चाहता हूं कि जहां पर भी 10 या 15 किलोमीटर के बीच में कोई गवर्नमेंट लैंड एवलेबल है, उनमें पॉकेट बनाकर हिरणों की रक्षा के लिए कोई स्कीम बनायें ताकि कंटीले तार या चारदीवारी बनाकर उनकी रक्षा कर सकें। नील गायों के लिए भी चारदीवारी बनाकर घास उगा दें, ताकि वे उसे खा सकें। इससे किसानों के बच्चे भी पल सकेंगे और किसान देश में अन्न का उत्पादन भी कर सकेंगे।

अध्यक्ष महोदया : केंद्र सरकार से आप क्या चाहते हैं?

श्री अर्जुन राम मेघवाल : मैं केंद्र सरकार से चाहता हूं कि इसके लिए कोई स्कीम बनायें ताकि किसानों की फसलों की रक्षा हो सके और हिरण और नील गाय की भी रक्षा हो सके।